NT>

Title: Need to expedite completion of pending projects under Drought Prone Area Programme in Banda and Chitrakut Districts of Uttar Pradesh.

श्री राम सजीवन (बांदा) : सभापति जी, उत्तर प्रदेश के बांदा और चित्रकूट जिलों में चालू सूखोन्मुख कार्यक्रम (डी.पी.ए.पी.) के निर्माण कार्य तत्काल प्रारंभ करने की आवश्यकता है। डी.पी.ए.पी. योजनाओं के निर्माणाधीन अधूरे कार्य लंबित पड़े हैं। धन आबंटित नहीं किया गया। धन अवमुक्त न होने के कारण लम्बित निर्माण कार्यों को पूर्ण करने का कार्य ठप्प पड़ा है। इस कारण योजनाओं का लाभ इस क्षेत्र के सूखा अकाल पीड़ित किसानों को नहीं मिल रहा है। आवश्यकता इस बात की है कि लम्बित निर्माण कार्यों के लिए भारत सरकार वांछित धनराशि अवमुक्त करे। साथ ही साथ सूखा से राहत दिलाने के लिए तालाबों को मशीनों द्वारा गहरा कराने के उद्देश्य से पृथक रूप से अतिरिक्त धन आबंटित अथवा अवमुक्त किया जाए तथा कार्यों में तेजी लाई जाए। बुंदेलखंड में बड़े पैमाने पर चार इंच क्षमता वाले छोटे-चोटे नलकूप स्थापित कराए जाएं। किसानों को ऐसे नलकूपों के निर्माण के लिए उत्तर प्रदेश शासन एक लाख रुपए की सब्सिडी देता है, पन्तु सीमित धन की व्यवस्था के कारण अधिक संख्या में ऐसे नलकूप स्थापित नहीं किए जाते और किसानों को एक-एक साल तक प्रतीक्षा करनी पड़तीहै। एतएव भारत सरकार द्वारा बी इस हेतु अधिकाधिक आर्थिक सहायता देनी चाहिए।